# गोकुल-लीला

## TEXTUAL QUESTIONS AND ANSWERS

---

**1. (क) नंद के आँगन में कृष्ण किसका प्रतिबिंब पकड़ने के लिए दौड़ता था ?**

**उत्तर :-** नन्द के आँगन में कृष्ण खुद का प्रतिबिंब पकड़ने के लिए दौड़ता था।

**(ख) कृष्ण के झूठ पकड़े जाने पर यशोदा ने क्या किया ?**

**उत्तर :-** कृष्ण के झूठ पकड़े जाने पर यशोदा ने छरी फेंक्कर कृष्ण को गले लगाया।

**(ग) यशोदा बार-बार नंद को क्यों बुलाती है ?**

**उत्तर :-** शिशु कृष्ण के बालकर्म दिखाने के लिए यशोदा बार-बार नंद को बुलाती है।

**(घ) माता यशोदा बालक कृष्ण को किस प्रकार दुध पिलाती है ?**

**उत्तर :-** अपनी आँचल से ढककर माता यशोदा बालक कृष्ण को दूध पिलाती है।

**(ङ) किलकारी मारकर हँसते हुए कृष्णका मुख कैसा दिखता है ?**

**उत्तर :-** किलकारी मारकर हँसते हुए कृष्ण के मुख के दो दाँत निकल पड़ते हैं। ।

**(च) मैया मैं नहिं माखन खायौ इसके समर्थन में कृष्ण क्या सफाई देता है ?**

**उत्तर :-** उक्त पंक्ति के समर्थन में कृष्ण यह सफाई देता है कि उसने माखन चुराकर नहीं खाया, बल्कि उसके मित्र ने कृष्ण के मुख पर माखन लगा दिया।

**(छ) बालक कृष्ण ने माखन चोरी के आरोप से बचने के लिए क्या चालाकी की ?**

**उत्तर :-** बालक कृष्ण ने माखन चोरी के आरोप से बचने के लिए अपने मुख पर लगे माखन पोंछकर माखन के पात्र अपने पीछे छिपा लेता है।

**(ज) क्या बालक कृष्ण माखन चोरी के आरोप से बच पाया ? यदि नहीं तो माता यशोदा ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया ?**

**उत्तर :-** बालक कृष्ण माखन-चोरी के आरोप से बच नहीं पाया।

जब माता यशोदा को इस बात का पता चलता है तो वह छरी लेकर कृष्ण के पास जाती है, लेकिन बड़ी चालाकी से परिस्थिति को संभालते हुए अपने ऊपर लगे हुए माखन चोरी के आरोप से बचाता है। इस पर मुग्ध होकर माता यशोदा ने कृष्ण को गले लगा लेती है।

**2. (क) श्रीकृष्ण घुटनों के बल चलते हुए –**

**उत्तर :-** इ किल्कारी कर रहा था।

(ख) नंद का आँगन।

**उत्तर :-** (अ) मणियों से जड़ा हुआ था।

(ग) कृष्ण के मुँह पर मक्खन लगा हुआ था, क्योकि –

**उत्तर :-** (इ) वह मक्खन चुराकर खा रहा था।

## व्याकरण

**शब्द-युग्मों का अंतर :**

अन्न – खाद्य

अय – दूसरा

नीर – जल

नीड़ – घोंसला

अणु – कण

अनु – पीछे

कुल – वंश

कूल – किनारा

जलद – बादल

जलज – कमल

पानी – जल

पाणि – हाथ

चिर – पुराना

चीर – कपड़ा

आदि – आरंभ

आदी – अभ्यस्त

सुत – पुत्र

सूत – धागा

बात – कथन

वात – हवा

दिन – दिवस

दीन – गरीब

अंश – भाग

अंस – कंधा

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :**

1. हिंदी साहित्य का सूर्य किसे कहा जाता है ?

**उत्तर :-** महाकवि सूरदास को ।

2. सूरदास की तीन प्रामाणिक रचनाओं के नाम लिखो ।

**उत्तर :-** सूरसागर , सूर – सारावली , साहित्य लहरी ।

3. सूरदास की कीर्ति का मुख्य आधार कौन सा ग्रंथ है ?

**उत्तर :-** सूरसागर ग्रंथ ।

4. गोकुल – लीला में किसके बाल – कर्मो का वर्णन किया गया है ?

**उत्तर :-** श्रीकृष्ण के ।